राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 115/2024

राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ बैठक की

- सभी कुलपति अपने–अपने विश्वविद्यालय के लिए **Academics** हेतु रोडमैप तैयार कर तदनुसार कार्य करें तथा अपने विश्वविद्यालय को **Centre of Excellence** बनाने हेतु प्रयत्न करें।
- सभी विश्वविद्यालयों में **Academics** और **Research** के लिए डीन होने चाहिए।
- अनेक राज्यों के विश्वविद्यालय अधिनियमों तथा सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न न्यायादेशों में विश्वविद्यालयों को स्वायत्त मानते हुए कहा गया है कि शिक्षा विभाग का दायित्व उन्हें समुचित निधि उपलब्ध कराना है।

– राज्यपाल

पटना, 12 जून, 2024 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ आयोजित बैठक में निदेश दिया कि वे विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को केन्द्र में रखकर अपने–अपने विश्वविद्यालय के लिए Academics हेतु रोडमैप तैयार कर तदनुसार कार्य करें। वे अपने विश्वविद्यालय को सही मायने में Centre of Excellence बनाने हेतु प्रयत्न करें। उन्होंने विश्वविद्यालयों में Academics और Research के लिए डीन की आवश्यकता भी बतायी।

राज्यपाल ने कहा कि समाज के उन्नयन हेतु शिक्षा केन्द्र के रूप में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए अनेक राज्यों के विश्वविद्यालय अधिनियमों द्वारा विश्वविद्यालयों को स्वायत्त बनाया गया है। सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न न्यायादेशों में भी विश्वविद्यालयों को स्वायत्त मानते हुए कहा गया है कि शिक्षा विभाग का दायित्व उन्हें समुचित निधि उपलब्ध कराना है।

राज्यपाल ने बिहार के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने हेतु नये सिरे से प्रयास करने का निदेश देते हुए कहा कि जुलाई महीने में राजभवन में Academics के लिए सभी कुलपतियों का दो दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम (Leadership Development Programme) का आयोजन किया जायेगा।

आगे पृष्ठ....2 पर

बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षा विभाग के माननीय मंत्री श्री सुनील कुमार ने कहा कि कुलपतिगण विद्यार्थियों को केन्द्र में रखकर एक कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्हें प्रयास करना चाहिए कि हमारी भावी पीढ़ी का भविष्य बेहतर हो तथा हमारा राज्य शिक्षा के क्षेत्र में पुरानी प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि समर्पण और अनुशासन के साथ—साथ यदि डिलिवरी सिस्टम ठीक हो तो लक्ष्य प्राप्त करना संभव है। उन्होंने कहा कि Team Spirit के साथ सबको मिलकर काम करने पर विश्वविद्यालयों की स्थिति में जरूर सुधार होगी।

बैठक में कुलपतियों ने आधारभूत संरचना को मजबूत करने, आंतरिक अंकेक्षण की व्यवस्था, कर्मियों की नियुक्ति, वेतन एवं पेंशन का भुगतान, अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान, आई०टी० सेल का गठन आदि से संबंधित बातें कही। उन्होंने विश्वविद्यालयों को Centre of Excellence बनाने हेतु भी अपने सुझाव दिये। शिक्षा विभाग के माननीय मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालयों की समस्याओं के समाधान हेतु सभी आवश्यक उपाय किये जाने का आश्वासन दिया।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में माननीय शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, शिक्षा विभाग के सचिव व उच्च शिक्षा निदेशक, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....